## खबर संक्षेप

### "आत्मा गवर्निंग बोर्ड" की बैठक 16 जुलाई को

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम "आत्मा" अंतर्गत "आत्मा गवर्निंग बोर्ड" की बैठक गुरुवार, 16 जुलाई को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। परियोजना संचालक, आत्मा द्वारा जिला पंचायत सीईओ, उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला लीड बैंक अधिकारी, महाप्रबंधक उद्योग, जोनल रिसर्च स्टेशन जबलपुर के प्रतिनिधि, सहायक संचालक उद्यान विभाग सहित अशासकीय सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### गहरा गड्ढा बना हादसों का कारण, फंस रहे वाहन

**उमरियापान।** उमरियापान-ढीमरखेड़ा मुख्य मार्ग पर आटा चक्की के आगे सड़क किनारे बना गहरा गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। गड्ढे के कारण प्रतिदिन दोपहिया और चारपहिया वाहन उसमें फंस रहे हैं, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और लोगों को चोटें भी लग रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बीएसएनएल कंपनी द्वारा केबल बिछाने के लिए सड़क खोदी गई थी। कार्य पूरा होने के बाद गड्ढे में केवल मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। बारिश के चलते मिट्टी बह जाने से गड्ढा फिर गहरा हो गया है। बुधवार रात को भी एक चारपहिया वाहन गड्ढे में फंस गया। पानी के बहाव के कारण गड्ढा दिखाई नहीं देता, जिससे विशेषकर रात के समय वाहन चालक इसकी चपेट में आ जाते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई सुधार कार्य नहीं कराया गया। उनका कहना है कि यदि जल्द ही गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### चोरो ने पार किया ट्रेक्टर

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र में कृषि उपज मंडी रोड स्थित खेर माई मंदिर के सामने चोरों ने देर रात एक सोनालिका ट्रैक्टर पार कर दिया। जानकारी के अनुसार यह वारदात 14 जुलाई की रात में हुई। चोरी की पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद होने की बात सामने आई है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों के रूट और पहचान का सुराग लगा रही है। घटना के बाद वाहन मालिक ने कुठला थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और संदिग्धों की तलाश के लिए पुलिस टीमें एक्टिव कर दी गई हैं।

### युवक से की मारपीट

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरेराह खूनी खेल हो गया। पुलिस के अनुसार फरियादी दौलत चौधरी 34 वर्ष, निवासी खडौला पर क्षेत्र के दो शातिर बदमाशों, बादल और वीरू उर्फ गुरूकृपा ने अचानक हमला बोल दिया। आरोपियों ने पहले तो दौलत चौधरी को गालियां दी जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो दोनों बदमाशों ने 'जान से मारने की नियत' से उस पर प्राणघातक हमला कर दिया। हमले में दौलत को गंभीर चोटें आई हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**उमरियापान।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव में जहरीले सांप के डसने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक देवरी बिछिया ग्राम पंचायत के पिपरिया निवासी दिलीप पिता ईश्वरी विश्वकर्मा (35)बीती रात भोजन करने के बाद अपने घर में सो रहा था। देर रात करीब 2:30 बजे सोते समय उसे जहरीले सांप ने डस लिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की।

### पांच जिलों तक पहुंचेगा नर्मदा जल, नर्मदा-सोन नदी का शीघ्र होगा मिलन

# डेढ़ दशक का इंतजार समाप्त, देश की सबसे लंबी टनल निर्माण का कार्य पूर्ण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद**

स्लीमनाबाद में बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत चल रहा 12 किलोमीटर अंडर ग्राउंड टनल का कार्य बुधवार को पूरा हो गया। बुधवार को टनल ब्रेक थ्रू हुई। 15 सालों की लंबी मेहनत के बाद बुधवार को टनल का काम पूरा हुआ। टनल काम पूरा होने से मध्यप्रदेश सिंचाई के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा।

स्लीमनाबाद में निर्मित देश ओर प्रदेश की सबसे लंबी सुरंग 11.95 किमी. का निर्माण कार्य बुधवार को पूरा हो गया। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियो ने बताया कि बुधवार को टनल बोरिंग मशीन अंतिम चट्टान को भेदते हुए खुदाई का कार्य पूरा कर दी जिसके बाद वर्षो से जिस दिन का इंतजार था वह बुधवार को पूरा हुआ। टनल खुदाई पूरी होने के बाद अब टीवीएम मशीन को बाहर निकाला जायेगा। टीवीएम मशीन को बाहर निकालने स्लीमनाबाद पड़वार मार्ग में शाफ़्ट (वर्टिकल गड्ढे )बनाया गया हैं!जहाँ चरणबद्द् तरीके से



टीवीएम मशीन को बाहर निकाला जायेगा इसके बाद सुरंग के भीतर लाइनिंग,फिनिशिंग ओर अन्य तकनीकी कार्य पूरे किये जायेंगे।

सुरंग पूरी होने के बाद नर्मदा का पानी सोन बेसिन तक पहुंचेगा। परियोजना के तहत कटनी, मैहर, सतना, रीवा, सहित 6 जिलों की करीब 1.85 लाख हैक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। अकेले कटनी जिला में 21.823 हैक्टेयर क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा।

### आ सकते हैं मुख्यमंत्री

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियो ने बताया कि बुधवार को टनल काम पूरा होते ही राज्य शासन स्तर पर जानकारी भेज दी गईं जिसके बाद अब संभावना जताई जा रही हैं कि आगामी दो तीन दिनों में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव स्वयं स्लीमनाबाद टनल का निरीक्षण करने स्लीमनाबाद पहुंचेंगे।

### इंजीनियरिंग के आगे झुका पहाड़

परियोजना को 2008 मैं मंजूरी मिली थी। 2011 में सुरंग निर्माण कार्य शुरू हुआ!लागत 799 करोड़ रूपये आँकी गईं!भूगर्भिय परिस्थितियों, ऊँचे भूजल स्तर, सिंकहोल, कोरोना काल ओर निर्माण सामग्री की बढ़ती लागत के कारण परियोजना पर लगभग 1442 करोड़ रूपये खर्च हुए!स्लीमनाबाद क्षेत्र में लगभग 30 मीटर गहराई पर खुदाई की गईं। जर्मनी की टनल बोरिंग मशीन का उपयोग किया गया।

### इनका कहना हैं

एसडीओ नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण दीपक मंडलोई ने बताया कि स्लीमनाबाद टनल का कार्य बुधवार को पूरा हो गया। टीवीएम मशीन शाफ़्ट (वर्टिकल गड्ढे )मैं प्रवेश कर चुकी हैं!अब टीवीएम मशीन को शाफ़्ट के माध्यम से बाहर निकाला जायेगा।



## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर कलेक्टर एवं एसपी ने व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का लिया जायजा

कलेक्टर आशीष तिवारी और एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने बुधवार को स्लीमनाबाद टनल के कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शुक्रवार, 17 जुलाई को प्रस्तावित स्लीमनाबाद प्रवास के मद्देनजर यहां की जाने वाली व्यवस्थाओं और तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को हेलीपैड निर्माण सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थायें पूर्ण करने की हिदायत दी।



कलेक्टर श्री तिवारी ने सलैया फाटक अपस्ट्रीम पोर्टल पहुंचकर टनल के प्रवेश स्थल और टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के निकासी स्थल और स्लीमनाबाद में टनल बोरिंग मशीन के निकासी स्थल सॉफ्ट वेंटिलेशन का भी बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने इन सभी स्थानों पर चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने की अधिकारियों को हिदायत दी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने पुलिस, राजस्व, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

# पांच जिलों का 1.85 लाख हेक्टेयर भू-क्षेत्र होगा सिंचित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कृषक कल्याण वर्ष में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश के अनुक्रम में कटनी के स्लीमनाबाद टनल की खुदाई का कार्य पूर्ण हो गया है और टनल बोरिंग मशीन अब टनल के अंतिम स्थल पर पहुंच गई है। टनल की कुल लम्बाई 11.952 किमी है। यह देश की सबसे लंबी वाटर टनल है जो पुण्य सलिला मां नर्मदा की अमृतधारा को बिना पंप की सहायता प्राकृतिक बहाव के साथ सोन बेसिन से जोड़ने का सेतु के रूप में कार्य करेगी।

बरगी व्यपवर्तन परियोजना की दाई तट मुख्य नहर के किलोमीटर 104 से 116.865 किलोमीटर के



मध्य निर्मित इस टनल का कार्य करीब डेढ़ दशक से चल रहा था। टनल की कुल लम्बाई 116.865 किलोमीटर से 129 किलोमीटर तक ओपन कैनाल रहेगी। इस कैनाल की जल प्रवाह क्षमता 152 क्यूमेक है जबकि टनल का डायमीटर 10.140 मीटर है। इस स्लीमनाबाद टनल के पूर्ण होने के बाद 1.85 लाख हेक्टयर भू क्षेत्र में सिचाई प्रस्तावित है।

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तव ने बताया कि अंचल के किसानों की समृद्धि और विकास की दिशा में स्लीमनाबाद टनल का निर्माण एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इस टनल के बनने से क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। इस टनल से कटनी शहर की पेयजल की आपूर्ति के लिए भी मां नर्मदा का पानी मिलेगा। इसके साथ ही जिले के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी इसका फायदा मिलेगा।

### ये जिले होंगे लाभान्वित

परियोजना से कटनी जिले का 21 हजार 823 हेक्टेयर, मैहर का 54 हजार 227 हेक्टेयर, सतना का 1 लाख 4 हजार 970 हेक्टेयर, पन्ना का 448 हेक्टेयर और रीवा का 3 हजार 84 हेक्टेयर क्षेत्र सीधे लाभान्वित होंगे। इन सबको मिलाकर इसके साथ ही इन जिलों के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी इसका बड़ा फायदा मिलेगा।

बरगी व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत जबलपुर स्थित बरगी बाँध से निकलने वाली स्लीमनाबाद की यह दाई तट मुख्य नहर (ट्रांस वेल्ली कैनाल ) प्रदेश की सबसे ज्यादा 227 क्यूमेक पानी डिस्चार्ज केयरिंग कैपेसिटी वाली नहर होंगी। इस टनल के वर्तमान में कुल लागत 1600 करोड़ रूपये से अधिक की हो गयी है। स्लीमनाबाद टनल के निर्माण की एजेंसी मेसर्स पटेल-एस.ई.डब्लूयू (संयुक्त उपक्रम) हैदराबाद है। स्लीमनाबाद टनल अपनी पूर्णता के बाद पुण्य सलिला माँ नर्मदा की अमृत धारा सोन नदी से जुड़ जायेगी और यह प्रदेश के आधा दर्जन जिलों की भूमि की सिचाई और पेय जल का निमित्त बनेगी।

## भगवान जगन्नाथ मंदिर से निकाली गई वाहन रैली



भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा महोत्सव के अवसर बुधवार को वाहन निकाली गई। रैली जगन्नाथ मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति से आस्था प्रकट की। जय जगन्नाथ के जयकारों की गूंज के साथ रैली निकली। भक्ति गीतों के बीच निकली रैली में श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ जयकारे लगाते हुए बढ़ रहे थे। वाहन रैली के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। रैली के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। लोगों ने पुष्पवर्षा कर महाप्रभु जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे शहर में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि जय जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

# संकट मोचन धाम से आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़**

संकट मोचन जगन्नाथ धाम विजयराघवगढ़ में आज 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ महाप्रभु का रथयात्रा महोत्सव भव्यता से मनाया जाएगा। वशिष्ठ पीठाधीश्वर डॉक्टर राघवेश दास वेदांती की उपस्थिति में संकटमोचन जगन्नाथ धाम परिसर में पत्रकार वार्ता का आयोजन बुधवार को किया गया जिसमें डॉक्टर वेदांतीजी द्वारा आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

महाराज जी ने बताया कि गुरुवार सुबह पूजा अर्चना के बाद 10 बजे भगवान जगन्नाथ जी बलदाऊ और बहन सुभद्रा जी के साथ रथ पर आरूढ़ होंगे। इसके बाद धूम धाम से पूरी भव्यता के साथ



संकटमोचन जगन्नाथ धाम से यात्रा का शुभारंभ होगा।

यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पंचमठा धाम तक पहुंचेगी और पुनः संकट मोचन जगन्नाथ आश्रम पहुंचकर संपन्न होगी। कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। डॉक्टर राघवेश दास जी वेदांती द्वारा आमजन से जगन्नाथ महाप्रभु की यात्रा में सहभागिता की अपील की गई है।

प्रेसवार्ता में जागेश्वर मिश्रा, मोहम्मद लईक, अजय त्रिपाठी, पंडित सुरेंद्र दुबे, आशुतोष सराफ, हंसराज सिंह ठाकुर, आचार्य कृष्णदास पाण्डेय, प्रमोद मिश्रा, विमलेंदु पयासी, गुड्डू बड़गैयां, वेदाचार्य राकेश उरमलिया मौजूद रहे

### पेटदर्द से परेशान किशोरी इलाज के लिये आई थी जिला अस्पताल

# किशोरी की मौत पर इलाज में लापरवाही के आरोप, जमकर हुआ हंगामा, प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

जिला अस्पताल में उपचार के दौरान 14 वर्षीय बालिका की मौत के बाद हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई। परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुये प्रदर्शन किया। घटना को लेकर जिला अस्पताल के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करते हुए अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया और कथित चिकित्सीय लापरवाही की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि माधवनगर थाना क्षेत्र की जागृति कॉलोनी निवासी 14 वर्षीय स्नेहा शुक्ला को बुधवार सुबह अचानक पेट दर्द होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि उपचार के दौरान लगाए गए एक इंजेक्शन के बाद बालिका की तबीयत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।



परिजनों का कहना है कि बालिका अस्पताल तक स्वयं चलकर पहुंची थी और भर्ती के समय उसकी स्थिति सामान्य थी, लेकिन उपचार के दौरान हुई घटनाओं के संबंध में अस्पताल प्रबंधन ने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। आरोप है कि डॉक्टरों एवं स्टाफ की लापरवाही के कारण यह दुखद घटना हुई है।

प्रदर्शन के दौरान जिला अस्पताल प्रशासन और सिविल सर्जन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच, जिम्मेदार डॉक्टरों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप देगी।

### सार्थक ऐप पर उपस्थिति निर्धारित स्थल एवं समय पर कराएं दर्ज

# धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी, सख्त कार्यवाही करने दी हिदायत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

मिशन कर्मी शासन के निर्देशानुसार निर्धारित स्थल एवं समय पर *₹सार्थक ऐप₹* पर उपस्थिति दर्ज कराएं । मैदानी स्तर पर कर्तव्य एवं दायित्वों का निर्वहन पूरी ट्रांसपेरेंसी के साथ करें। निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धियां हासिल करने के लिए एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर संवाद करते रहें। सार्थक ऐप का उपयोग नहीं करने पर जिला या राज्य स्तर से कार्यवाही कभी भी संभव है इसके लिए तैयार रहें।

इस आशय के निर्देश मंगलवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित लघु उद्यमिता विकास एवं स्व सहायता समूह क्रेडिट लिंकेज के संबंध में वर्ष 2026-27



में प्रगति हेतु आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समस्त विकासखंड प्रबंधक एवं सहायक विकास खंड प्रबंधक एवं अन्य मिशन कर्मियों को दिए।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम अनुराग मोदी मौजूद रहे। उन्होंने (एनआरएलएम) के मिशनकर्मियों की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध जिले की समग्र प्रगति की बिंदुवार माइक्रो लेवल पर समीक्षा की तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर ब्लॉकों के प्रभारी अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिये।

समीक्षा करते हुए सुश्री कौर ने निर्देशित किया कि स्वसहायता समूहों से संबंधित नगद साख सीमा (कैश क्रेडिट लिमिट) के समस्त लंबित प्रकरण निर्धारित समयावधि के भीतर संबंधित बैंक शाखाओं में प्रस्तुत किये जायें, जिससे समूहों को वित्तीय संस्थाओं से समय पर ऋण सुविधा प्राप्त हो सके और आजीविका गतिविधियां बाधित न हों। इस कार्य में विलंब को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मिशनकर्मियों को व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह ठहराया जायेगा।

जिला पंचायत सीईओ ने लखपति दीदी योजनांतर्गत पात्र हितग्राही महिलाओं की प्रविष्टि डिजिटल आजीविका रजिस्टर (डीएआर पोर्टल) में 31 जुलाई 2026 के पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्य मिशन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित न होने की स्थिति में संबंधित ब्लॉक प्रबंधकों एवं सहायक ब्लॉक प्रबंधकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी।

सुश्री कौर ने ढीमरखेडा विकासखंड की समग्र प्रगति अत्यंत न्यून और असंतोषजनक होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अमले को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि आगामी समीक्षा में भी प्रगति में अपेक्षित सुधार परिलक्षित न होने की स्थिति में संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कठोरतम प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कार्यप्रणाली में आवश्यक सुधार लाने के निर्देश दिए।

# तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर गये पटवारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी**

### पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कामबंद हड़ताल, उग्र आंदोलन की चेतावनी

नायब तहसीलदार सिलौंडी कार्यालय के समस्त पटवारी द्वारा एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर तीन दिनों का सामूहिक अवकाश ले लिया है जिसके कारण किसान और आमजन बहुत परेशान है एवं राजस्व से जुड़े हुए कई दसक मील दूर के लोग एवम किसान आकार नायब तहसील भवन में भटकते रहते हैं अंतत शाम को अपने घर वापस मायूस लौट जाते जिसका खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह बागरी ने बताया कि पांच सूत्री मांगों को लेकर जिसमे कैडर रिव्यू लागू एवं पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा आयोजित करने हेतु जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल करने हेतु वित्तीय लंबित भुगतान हेतु लंबे तब मांगों को लेकर कार्य बंद हड़ताल पर चले गए हैं जिसका खामी आज किसान एवं आम जनता को नायब तहसील परिसर में घंटे खड़े रहकर उठना पड़ता है एवं कटनी पटवारी संघ कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक सिंह बागरी ने बताया है कि हमारी मांगों को बिंदुवार तरीके से मध्य प्रदेश सरकार संज्ञान में लाकर निराकरण निकले अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है ।

## खबर संक्षेप

### आईएफएमआईएस केयर कैंप का आयोजन 16 व 17 जुलाई को

**कटनी।** आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर से जुड़ी तकनीकी एवं प्रक्रियागत समस्याओं के समाधान के लिए जिला कोषालय कटनी में 16 व 17 जुलाई को आईएफएमआईएस केयर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी अरविन्द सिंह ठाकुर नें बताया कि जिला कोषालय परिसर में आयोजित इस कैंप में आईएफएमआईएस संचालन से जुड़ी समस्याओं की जानकारी लेकर उनका त्वरित निराकरण किया जाएगा। वहीं, जिन समस्याओं का समाधान भोपाल स्तर से संभव होगा उनके लिए संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर समाधान कराया जाएगा। उन्होने जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से अपील की है कि वे आईएफएमआईएस से जुड़ी समस्याओं का विवरण उपलब्ध कराते हुए कैंप में सहभागिता करें यदि आवश्यक हो तो सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी कों भी कैम्प में उपस्थित होने के लिए निर्देशित करें ताकि समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सके।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में बैठक कल

**कटनी।** भूतपूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, कटनी में शुक्रवार, 17 जुलाई को सुबह 10:30 बजे विशेष बैठक आयोजित की गई है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी डॉ. शास्त्री प्रसाद त्रिपाठी (सेवानिवृत्त) ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के दौरान जबलपुर से आने वाली ईसीएचएस (ECHS) मोबाइल मेडिकल टीम भी उपस्थित रहेगी, जो स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक परामर्श प्रदान करेगी। उन्होंने जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं एवं आश्रितों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल होकर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाएं।

### स्नातक एवं स्नातकोत्तर की कक्षाओं में 31 तक ले सकेंगे प्रवेश

**कटनी।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय चरण की कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी प्रदेश के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में 31 जुलाई तक प्रवेश ले सकेंगे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार द्वितीय चरण की सीएलसी की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 थी, जिसे बढ़ाकर अब 31 जुलाई 2026 कर दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अन्य सभी शर्तें, नियम एवं दिशा-निर्देश पूर्ववत लागू रहेंगे।

### जिले में अब तक 197.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज



**कटनी।** जिले में 1 जून से 15 जुलाई तक कुल 197.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 529.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान स्लीमनाबाद तहसील में रिकार्ड 672.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 367.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 228.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 271.1 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 64.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 145.8 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 146.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 221.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 367.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 129.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

---

### एमएसडब्ल्यू प्लांट, ई-लाइब्रेरी और ट्रांसपोर्ट नगर के विकास कार्यों का लिया जायजा

# शहर विकास पर कलेक्टर की पैनी नजर मेगा प्रोजेक्ट्स का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर को स्वच्छ, आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में संचालित प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने नगर निगम क्षेत्र में निर्माणाधीन और संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों, ताकि नागरिकों को शीघ्र बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस दौरान निगमायुक्त तपस्या परिहार भी मौजूद रहीं।

कलेक्टर ने अमीरगंज स्थित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एमएसडब्ल्यू) प्लांट, माधवनगर स्थित 7.5 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, कटाएघाट में अमृत 2.0 योजना के तहत विकसित की जा रही वाटर बॉडी रेजुवेनेशन परियोजना, अमकुही जल शोधन संयंत्र, के.सी.एस. स्कूल में निर्माणाधीन ई-लाइब्रेरी तथा पुरैनी स्थित ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया।

अमीरगंज स्थित एमएसडब्ल्यू प्लांट में कलेक्टर ने कंट्रोल रूम, आईटी आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम, कचरा संग्रहण वाहनों की ट्रैकिंग व्यवस्था तथा कचरा प्रसंस्करण प्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर से प्रतिदिन एकत्रित होने वाले कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण, स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देने और पुराने कचरे तथा आरडीएफ सामग्री के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। अतिरिक्त टिपिंग स्टेशन की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया।

माधवनगर स्थित 7.5 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने इसकी तकनीकी इकाइयों और ट्रायल रन की जानकारी ली। वर्तमान में लगभग 3 एमएलडी सीवरेज प्राप्त होने की जानकारी पर उन्होंने शेष घरों में सीवर कनेक्शन शीघ्र पूर्ण कर प्लांट को पूर्ण क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपचारित जल के उपयोग को पार्कों, हरित क्षेत्रों, औद्योगिक इकाइयों तथा रेलवे जैसी संस्थाओं तक विस्तारित करने के निर्देश दिए।

के.सी.एस. स्कूल परिसर में निर्माणाधीन ई-लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने भवन के विभिन्न तल, लाइटिंग, लिफ्ट, पार्किंग और अन्य सुविधाओं की समीक्षा की तथा शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर इसे जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने विद्यालय में किए जा रहे उन्नयन कार्यों की जानकारी दी। कलेक्टर ने छात्रा कुमारी सोनम पटेल से संवाद किया और खूब मन लगाकर पढ़ाई कर अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

पुरैनी स्थित ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपलब्ध और आवंटित प्लॉटों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने शेष प्लॉटों के आवंटन हेतु द्वितीय निविदा प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने, पारदर्शी तरीके से प्लॉट आवंटन सुनिश्चित करने तथा इच्छुक ट्रांसपोर्टरों के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी के पीछे स्थित थोक कपड़ा व्यापारियों की सुविधा के लिए चिन्हित स्थल का भी निरीक्षण किया।

---



# कौशल विकास ही सफलता की नई पहचान : डॉ. चित्रा प्रभात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास, रोजगारोन्मुखी शिक्षा एवं आत्म निर्भरता के प्रति प्रेरित करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक एवं तकनीकी कौशल का विकास भी समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं से निरंतर सीखने, नई तकनीकों को अपनाने तथा अपने व्यक्तित्व और दक्षताओं को विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कौशल विकास से रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ-साथ आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है।

विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. अर्पित द्विवेदी ने छात्राओं को मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, प्रशिक्षण, स्टाइपेंड तथा रोजगार की संभावनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से शासन द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में भीम बर्मन ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया तथा कौशल विकास और करियर निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों की उपस्थिति रही।

---

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने बरही के ग्राम कनौर में की कार्रवाई

# शासकीय भूमि पर खनिज भंडारण करने वाले क्रेशरों के संचालन पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने बरही तहसील के ग्राम कन्नौर में बड़ी कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर खनिज भंडारण नहीं करने के निर्देश देते हुये दो स्टोन क्रेशरों के संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया है।

उप संचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि ग्राम कन्नौर, तहसील बरही स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 861 महालक्ष्मी मिनरल को सब्सिडियरी प्रयोजन (सहायक कार्य) के लिए लीज पर स्वीकृत की गई थी।

कलेक्टर के निर्देशों के पालन में 14 जुलाई को राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। टीम द्वारा शासकीय भूमि से मशीनरी एवं अन्य सामग्री को हटाते हुए कब्जा मुक्त कराया गया।



#### संचालन पर तत्काल प्रतिबंध

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि खसरा क्रमांक 861 में तिलक ग्रोवर के स्टोन क्रेशर के तीन कन्वेयर तथा के.पी. अवस्थी के क्रेशर का एक कन्वेयर आंशिक रूप से शासकीय भूमि में स्थापित था। इस अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने दोनों क्रेशरों के संचालन पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया।

#### भूमि से हटाने जाने के बाद किया जाएगा विचार

प्रशासन ने क्रेशर संचालकों को ताकीद किया है कि संबंधित क्रेशर संचालक निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने कन्वेयर एवं अन्य संरचनाओं को शासकीय भूमि से पूरी तरह हटाएं। इसके बाद सत्यापन उपरांत ही क्रेशरों के संचालन पर लगी रोक हटाने पर विचार किया जाएगा। साथ ही शासकीय भूमि को पूर्णतः साफ एवं सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इस महत्वपूर्ण कार्रवाई के दौरान तहसीलदार बरही, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, खनिज निरीक्षक कमलकांत परस्ते सहित राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग का अमला मौके पर मौजूद रहा।

---

### नशे के बताये दुष्परिणाम, दूर रहने दिलाई शपथ



शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी जिला कटनी में स्टाफ के साथ-साथ छात्र-छात्राओं ने ली नशे से दूर रहने की शपथ लिया है । कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ रतिराम अहिरवार ने छात्र छात्राओं को समझते हुए बताया नशा कुछ पल का सुख देता है, पर ज़िंदगी के साल छीन लेता है। एक बार की लत, सौ बार की हार बन जाती है। नशा शरीर को खोखला करता है और रिश्तों को तोड़ता है। जो हौसला नशा छोड़ने में लगता है, वही हौसला जीवन बनाने में काम आता है।नशा मुक्ति का पहला कदम है — खुद से वादा करना कि ‘मैं रुकूंगा’।परिवार का प्यार और दोस्तों का साथ, नशा छोड़ने की सबसे बड़ी ताकत है।हर दिन नशे के बिना बिताया गया दिन, एक नई जीत है। नशा पैसों को नहीं, सपनों को जलाता है।मदद मांगना कमजोरी नहीं, नशे से लड़ने की सबसे बड़ी बहादुरी है। नशा मुक्त जीवन ही असली आज़ादी है — तन की भी और मन की भी।

---

# ‘उन्नत भारत अभियान’ से विद्यार्थियों को मिलेगा ग्रामीण विकास से जुड़ने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उच्च शिक्षा को समाज और ग्रामीण विकास से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की सहभागिता ‘उन्नत भारत अभियान’ में सुनिश्चित की जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों, शासकीय एवं अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों और निजी विश्वविद्यालयों को उन्नत भारत अभियान के पोर्टल पर पंजीयन कर सक्रिय भागीदारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित ‘उन्नत भारत अभियान’ का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों और शिक्षकों को ग्रामीण समुदायों से जोड़कर समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थी अपने विषय और विशेषज्ञता के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकताओं को समझते हुए समाधान विकसित करेंगे।

#### पांच गांवों का करेंगे चयन

अभियान के अंतर्गत पंजीकृत उच्च शिक्षण संस्थान अपने आसपास के पांच गांवों का चयन करेंगे। इन गांवों में विद्यार्थी और शिक्षक मिलकर स्थानीय समस्याओं का अध्ययन करेंगे तथा ग्रामीण विकास की गतिविधियों में सहयोग देंगे। इससे विद्यार्थियों को ग्रामीण भारत की पारंपरिक समझ, सामाजिक व्यवस्था और स्थानीय आवश्यकताओं को जानने का अवसर मिलेगा।

उन्नत भारत अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक संस्थान आईआईटी दिल्ली द्वारा प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों से अधिक से अधिक संख्या में अभियान से जुड़ने का अनुरोध किया गया है। वर्तमान में देशभर के 5 हजार से अधिक प्रतिष्ठित संस्थान इस अभियान के माध्यम से लगभग 24 हजार से अधिक गांवों में कार्य कर रहे हैं।

अभियान के अंतर्गत चयनित गांवों के अध्ययन के लिए संस्थानों को आर्थिक सहयोग भी उपलब्ध कराया जाता है। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर पंजीयन पूर्ण कर अभियान की गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

---

### ग्रामीणों द्वारा तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन

# आवासीय पट्टा वितरण में अनियमितताएं जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा ग्राम में शासन की आवासीय पट्टा वितरण योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। जय सूर्यवंशी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपकर इस पूरी प्रक्रिया की उच्च स्तरीय जाँच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अपात्रों ने रची साजिश, विधवा बताकर हड़पे पट्टे एवम पक्का मकान निर्माण करने पर पट्टा निरस्त कर कार्रवाई किये जाने की ग्राम की महिलाओं ने की मांग।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि आवासीय कॉलोनी में कई ऐसे लोगों ने पट्टा प्राप्त कर लिया है जो पात्रता की श्रेणी में ही नहीं आते। ज्ञापन में खुलासा किया गया कि कई मामलों



में पति के जीवित रहते हुए महिलाओं ने खुद को 'विधवा/बेवा' बताकर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर पट्टा हासिल किया है। निवासियों ने इन दस्तावेजों की तत्काल गहन जाँच की मांग की है।

सौंपे गये ज्ञापन के अनुसार यह योजना मूलतः भूमिहीनों और गरीबों के कल्याण के लिए थी, लेकिन रसूखदार लोगों ने अपनी पहुंच का फायदा उठाकर जमीनें हथिया ली हैं। ऐसे व्यक्ति जिनके पास पहले से ही पक्के मकान और पर्याप्त भूमि है, उन्हें भी पट्टे आवंटित किए गए हैं। साथ ही, खसरा संख्या 39, 25, 197, 46, 429, 127, 485, 436/1, 425, 63, 486/1, 453, 466/1, 458/1, 132, 426/1, 446, 427/1, 432 सहित अन्य पर अवैध निर्माण और बेनामी सौदों का आरोप है। ग्रामीणों का कहना है कि पट्टा धारक कोई और है और निर्माणकर्ता कोई और, जो सरकारी नियमों का सीधा उल्लंघन है।

ग्रामीणों ने हल्का पटवारी की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन गरीब और असहाय लोगों के कच्चे घरों को तोड़ने के लिए तो तत्परता से नोटिस जारी कर रहा है, लेकिन रसूखदार लोगों के भव्य और अवैध निर्माणों पर कार्रवाई करने से बच रहा है।

#### ये हैं प्रमुख मांगें

उल्लेखित खसरा नंबरों की तत्काल भौतिक और अभिलेखीय जाँच हो।फर्जी दस्तावेज तैयार करने वालों पर धारा 420, 467, 468 के तहत एफआईआर दर्ज हो।अपात्रों के पट्टे निरस्त कर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। प्रशासन द्वारा अपनाए जा रहे भेदभावपूर्ण रवैये को तुरंत बंद किया जाए। उपस्थित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले में निष्पक्ष जाँच और कार्रवाई नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

---

### किसानों को ज़रूरत के मुताबिक मिलेगी पर्याप्त खाद, ई टोकन से वितरण

# जिले के लिए 656 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया खाद की एक रैक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में जायद एवं खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली नीम कोटेड यूरिया की एक रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे जिले को 656 मीट्रिक टन यूरिया मिलेगी।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से आई एनपीके खाद में से बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 90 मीट्रिक टन, स्लीमनाबाद डबल लॉक केन्द्र के लिए 60 मीट्रिक टन, मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 90 मीट्रिक टन तथा बरही डबल लॉक केन्द्र के लिए 90 मीट्रिक टन यूरिया उर्वरक आवंटित की गई है। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 161 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की गई है।

इसी प्रकार सीएमएस कटनी और सीएमएस उमरियापान ढीमरखेड़ा को 30-30 मीट्रिक टन, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद व सीएमएस ढ़ीमरखेड़ा को 25-25 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को कुल 30 मीट्रिक टन खाद आवंटित की गई है। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिले में बिना ई-टोकन के खाद का वितरण न हो। किसान की जमीन (खसरा नंबर) और बोई गई फसल के आधार पर खाद की मात्रा सॉफ्टवेयर द्वारा तय की जाएगी। इससे जरूरत से ज्यादा भंडारण या कालाबाजारी पर पूरी तरह लगाम लगेगी। किसान अब घर बैठे पोर्टल पर देख सकेंगे कि किस केंद्र पर कितना स्टॉक उपलब्ध है। किसान भाई अपनी सुविधा अनुसार प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स), डबल लॉक केंद्र और निजी विक्रेताओ, सशुल्क एमपी ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर केंद्रों पर जाकर ई-टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि कोई भी सहकारी समिति या निजी विक्रेता बिना ई-टोकन के खाद का विक्रय करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

#### कम होंगी खेती की लागत, किसानों को होगा दोहरा लाभ

किसानों की बढ़ती खेती लागत को कम करने और फसलों को संतुलित पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने एक प्रभावी और किफायती विकल्प सुझाया है। उपसंचालक कृषि खेलावन डेहरिया ने बताया कि डीएपी उर्वरक के स्थान पर 3 बोरी (सिंगल सुपर फॉस्फेट) और 20 किलोग्राम यूरिया का उपयोग कर किसान आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति के साथ-साथ उर्वरक खर्च में उल्लेखनीय बचत कर सकते हैं।

उपसंचालक कृषि श्री डेहरिया ने बताया कि डीएपी में मुख्यतः 18 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 46 प्रतिशत फॉस्फोरस होता है, जबकि एसएसपी के उपयोग से फसलों को फॉस्फोरस के साथ सल्फर और कैल्शियम जैसे महत्वपूर्ण तत्व भी मिलते हैं। ये तत्व जड़ों के बेहतर विकास, पौधों की मजबूती, दानों की गुणवत्ता तथा उत्पादन क्षमता बढ़ाने में सहायक होते हैं।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में 1 बोरी डीएपी की कीमत लगभग 1350 रुपये है। इसके मुकाबले 3 बोरी एसएसपी और 20 किलोग्राम यूरिया के उपयोग से किसानों को करीब 800 रुपये तक की बचत हो सकती है। इससे खेती की लागत कम होगी और किसानों को आर्थिक राहत मिलेगी। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि 20 किलोग्राम यूरिया को बुवाई से लगभग 10 मिनट पहले खेत में समान रूप से छिड़कें, जबकि एसएसपी का उपयोग बीज के साथ या बुवाई के समय करें। इससे फसल को समय पर आवश्यक पोषक तत्व मिलेंगे और बेहतर उत्पादन प्राप्त होगा।

---

# समय पर निराकरण नहीं होने पर अब स्वतः दर्ज होगी अपील

### लोक सेवा गारंटी अधिनियम में हुआ बड़ा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को सेवाएं समय-सीमा में उपलब्ध कराने की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अपील प्रक्रिया में महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है। संशोधित प्रावधान के अनुसार अब सेवा आवेदन निर्धारित समय-सीमा में निराकृत नहीं होने पर आवेदक को अलग से अपील दर्ज कराने की आवश्यकता नहीं होगी।

नए नियम के तहत यदि किसी सेवा आवेदन का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण नहीं होता है, तो समय-सीमा समाप्त होने के 15 दिन बाद संबंधित आवेदन स्वतः प्रथम अपील में दर्ज हो जाएगा।

इसी प्रकार यदि प्रथम अपील का भी समय-सीमा में निराकरण नहीं किया जाता है, तो 15 दिन बाद वह स्वतः द्वितीय अपील में दर्ज हो जाएगी।

यह नई व्यवस्था मध्यप्रदेश के e-District पोर्टल पर विकसित कर दी गई है और यह प्रभावी हो गई है।लोक सेवा गारंटी अधिनियम के नियम-8 में किए गए इस संशोधन का उद्देश्य नागरिकों को अपील प्रक्रिया में राहत प्रदान करना, सेवाओं के समयबद्ध निराकरण को सुनिश्चित करना तथा जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।

इससे नागरिकों को अनावश्यक औपचारिकताओं से मुक्ति मिलेगी और लंबित प्रकरणों की निगरानी भी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगी।

**खबर संक्षेप**

### 17 जुलाई को प्रस्तावित जिला खनिज प्रतिष्ठान की बैठक निरस्त

**दमोह**। जिला खनिज प्रतिष्ठान मद (मंडल बोर्ड) की 17 जुलाई 2026, शुक्रवार को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई है। जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे ने बताया बैठक की अगली तिथि एवं समय की जानकारी पृथक से जारी की जाएगी।

### हर घर दस्तक, हर बच्चे की पहचान, समय पर उपचार स्वस्थ बचपन हमारा अभियान

**पन्ना**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर से दस्तक अभियान एवं स्टॉप डायरिया अभियान का शुभारंभ 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे तक पहुंचेगी स्वास्थ्य सेवाएं ओआरएस जिंक आयरन एवं विटामिन-ए के माध्यम से बच्चों को मिलेगी सुरक्षाशिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने तथा बच्चों को दस्त एनीमिया एवं अन्य गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दस्तक अभियान एवं सघन दस्त नियंत्रण (स्टॉप डायरिया) अभियान का शुभारंभ सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर द्वारा वार्ड क्रमांक-6 स्थित आदिवासी मोहल्ला से किया गया अभियान का शुभारंभ मुख्य खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने कियाइस अवसर पर डॉ. जैन ने बताया कि 14 जुलाई से 31 अगस्त तक संचालित होने वाले इस विशेष अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के संयुक्त प्रयास से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बीमारी की समय पर पहचान कर उनका शीघ्र उपचार सुनिश्चित करना तथा बाल मृत्यु दर में कमी लाना हैउन्होंने बताया कि अभियान के दौरान एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लेंगी तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगाडॉ. जैन ने बताया कि इस अभियान के साथ सघन दस्त नियंत्रण (स्टॉप डायरिया) अभियान भी संचालित किया जा रहा है इसके अंतर्गत प्रत्येक दस्त से प्रभावित बच्चे को ओआरएस एवं जिंक की गोलियां निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए गए हैं जहां परिजनों को ओआरएस घोल बनाने की सही विधि उसके उपयोग तथा दस्त से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही हैउन्होंने बताया कि इस वर्ष दस्तक अभियान के अंतर्गत चार प्रमुख सेवाओं पर विशेष रूप से कार्य किया जाएगा प्रथम दस्त से प्रभावित बच्चों को ओआरएस एवं जिंक का वितरण एवं उसके सही उपयोग के बारे में जानकारी दी जाएगी द्वितीय एनीमिया की रोकथाम एवं प्रबंधन के लिए पात्र बच्चों को आयरन-फोलिक एसिड (आईएफए) सिरप उपलब्ध कराया जाएगाbतृतीय डीएसएस (DSS) ऐप के माध्यम से घर-घर जाकर बीमार बच्चों की पहचान कर उनकी ऑनलाइन प्रविष्टि की जाएगी तथा प्रत्येक चिन्हित बच्चे का समयबद्ध उपचार एवं फॉलोअप सुनिश्चित किया जाएगा।

## क्या सच में होगी कार्रवाई.. या औपचारिकता तक ही सीमित रह जाएगी जांच?

# प्राइवेट विद्यालयों द्वारा निजी प्रशासन की किताबें चलाई जाने पर अधिकारियों द्वारा की जा रही जांच

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा**

हटा नगर एवं आसपास के क्षेत्र में निजी विद्यालयों द्वारा यूनिफॉर्म और शैक्षणिक सामग्री के नाम पर अभिभावकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ की लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर हरिभूमि में विगत शनिवार को निजी विद्यालयों की मनमानी शीर्षक को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिसे एसडीएम राकेश मरकाम ने गंभीरता से लेते हुए निजी विद्यालयों की जांच हेतु शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे जिसके परिपालन में आखिरकार शिक्षा विभाग को मैदान में उतरने पर मजबूर कर दिया। हटा शिक्षा विभाग की विशेष जांच टीम ने कई निजी विद्यालयों में औचक निरीक्षण कर यूनिफॉर्म, किताबों और शासन के नियमों के पालन की गहन पड़ताल की। टीम के अचानक पहुंचने से निजी विद्यालयों में हड़कंप की स्थिति बन गई और पूरे क्षेत्र में यह संदेश गया कि अब शिकायतों को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन से सीधे सवाल-जवाब किए। यह जानने का प्रयास किया गया कि कहीं विद्यार्थियों और अभिभावकों को किसी एक निर्धारित दुकान से ही यूनिफॉर्म अथवा किताबें खरीदने के लिए विवश तो नहीं किया जा रहा। साथ ही विद्यालयों में संचालित पुस्तकों, निजी प्रकाशकों की किताबों तथा शासन के दिशा-निर्देशों के पालन का भी सूक्ष्म परीक्षण किया गया।

सबसे गंभीर पहलू यह है कि लंबे समय से क्षेत्र में यह शिकायतें सामने आती रही हैं कि कई कुछ निजी विद्यालयों द्वारा निजी प्रकाशको की पुस्तकें विद्यालय से ही बेची जा रही है जबकि शासन के द्वारा पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किए जाने सख्त निर्देश हैं। वही विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म एक ही दुकान से उपलब्ध कराई जाती है। अभिभावकों का आरोप है कि इससे प्रतिस्पर्धा समाप्त हो जाती है, मनमाने दाम वसूले जाते हैं और उन्हें अपनी पसंद की दुकान से खरीदारी करने की स्वतंत्रता नहीं मिलती। यदि ये आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह केवल उपभोक्ता अधिकारों का प्रश्न नहीं, बल्कि शासन के निर्देशों के संभावित उल्लंघन का भी विषय है। इस बार की जांच केवल औपचारिक दस्तावेजों तक सीमित नहीं रही, बल्कि अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को मौके पर परखा, अभिलेखों का परीक्षण किया और संबंधित पक्षों से विस्तृत जानकारी भी ली। जांच पूरी होने के बाद अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संपूर्ण प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाएगा और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

**अब सबसे बड़ा सवाल**

क्या इस बार सच में होगी कार्रवाई, या फिर यह जांच भी केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगी? यही वह सवाल है जो आज हर अभिभावक के मन में है। क्योंकि यह पहली बार नहीं है जब निजी विद्यालयों की यूनिफॉर्म और किताबों को लेकर शिकायतें सामने आई हों। हर वर्ष नए शैक्षणिक सत्र के साथ ऐसे आरोप उठते हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में न तो जांच के निष्कर्ष सार्वजनिक हो पाते हैं और न ही ऐसी कार्रवाई दिखाई देती है, जिससे भविष्य में इस तरह की शिकायतों पर प्रभावी रोक लग सके। इस बार शिक्षा विभाग स्वयं ग्राउंड जीरो पर पहुंचा है। इसलिए लोगों की अपेक्षाएं भी पहले से कहीं अधिक हैं। यदि जांच में अनियमितताएं प्रमाणित होती हैं और दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई होती है, तो यह केवल पालकों को राहत देने वाला निर्णय नहीं होगा, बल्कि पूरे हटा क्षेत्र के निजी विद्यालयों के लिए भी एक स्पष्ट संदेश होगा कि शासन के नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। लेकिन यदि जांच रिपोर्ट केवल फाइलों तक सीमित रह जाती है और उसके बाद कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आती, तो यह सवाल और अधिक प्रबल होगा कि क्या यह पूरी कवायद केवल औपचारिकता थी? अब पूरे क्षेत्र की निगाहें शिक्षा विभाग की जांच रिपोर्ट और उस पर होने वाली प्रशासनिक कार्यवाही पर टिकी हैं। आने वाले दिन यह तय करेंगे कि यह जांच व्यवस्था में सुधार की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगी या फिर एक और ऐसी कार्यवाही बनकर रह जाएगी, जिसकी चर्चा तो बहुत हुई लेकिन परिणाम दिखाई नहीं दिए।

**परिणाम शीघ्र सामने आएंगे**

हटा नगर सहित आसपास के अन्य विद्यालयों का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया है। जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों का परीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन एसडीम हटा को भेजा जाएगा। अंतिम निर्णय जांच रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा और परिणाम शीघ्र सामने आएंगे।

**एमएल अहिरवार**
**बीआरसी हटा**

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान की शुरुआत, पुलिस ने ली शपथ



**हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह**

मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जागरूकता अभियान 15 से 30 जुलाई तक जिले भर में चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को नशे से दूरी है जरूरी की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सीएसपी एचआर पांडे, डीएसपी सौरभ त्रिपाठी, टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय, टीआई रचना मिश्रा, थाना प्रभारी कोतवाली नीतीश जैन, आरआई अभिनव साहू, आकांक्षा जोशी, सुरेंद्र कुमार सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। अभियान के जरिए युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा।पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि का कहना है कि नशे के खिलाफ जनजागरूकता ही समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बना सकती है।

# गांव गांव में चाय पान की तरह बेची जा रही अवैध शराब

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गैसाबाद**

एक ओर जहां जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर महोदय के कड़े निर्देशों के बाद कुछ दिन पूर्व जिला मुख्यालय की एक शराब दुकान का लाइसेंस निरस्त किए जाने का मामला प्रकाश में आया था। इस दुकान पर इसलिए कार्यवाही की गई थी कि यह दुकान अपने निर्धारित स्थान की बजाय दूसरे स्थान पर खोली गई थी, और अभी हाल ही में कलेक्टर महोदय द्वारा जिले की पांच शराब दुकानों को सील किए जाने एवं कुछ दुकानों पर जुर्माना लगाए जाने की कार्रवाई की गई है। वहीं दूसरी ओर गैसाबाद ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों गांव में अवैध शराब बिक्री का मामला आए दिन प्रकाश में आने के बावजूद भी आबकारी विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किये जाने से सवाल खड़े हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम गैसाबाद एवं हिनौता कला में शासन की दो लाइसेंसी शराब दुकाने अधिकृत है। इन्हीं शराब दुकानों की आड़ में शराब ठेकेदार द्वारा आसपास के गांव में अवैध शराब की सप्लाई की जा रही है। क्षेत्र वासियों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर हरिभूमि को बताया कि ग्रामीण अंचल के ग्राम खमरगौर,मुहरई, मुराछ,सुजान तलैया, नकटी कचनारी, भैसा,तेवरैया,जैसे अनेक गांवों में अवैध शराब सप्लाई का कारोबार खुलेआम चल रहा है, शराब ठेकेदार द्वारा गांव गांव में अपने एजेंट बिठाकर अवैध शराब की सप्लाई कराई जा रही है। अवैध शराब के इस कारोबार से जहां गांव गांव में शराब आसानी से प्राप्त हो रही है। किसी भी ब्रांड की शराब हर एक गांव में सहजता से उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं दूसरी ओर इस अवैध कारोबार के चलते गांव गांव में लड़ाई झगड़ा होने की वारदातों में बढ़ोतरी देखी जा रही है, अपने पति की शराब पीने की आदत से आर्थिक रूप से परेशान महिलाओं ने हरिभूमि को बताया कि पहले जब हमारे गांव में शराब नहीं मिलती थी तो हमारे पति जब कभी बाहर जाते थे तो कभी-कभार ही शराब पीकर आते थे ,लेकिन जब से हमारे गांव में ही शराब मिलने लगी है। तब से हमारे पति रोज शराब पीकर घर आते हैं और अपनी दिनभर की मजदूरी का अधिकांश पैसा शराब पर ही खर्च कर देते हैं जिससे हम लोगों को घर गृहस्ती का खर्च चलाने में परेशानी होती है, कुछ लोगों का तो यह तक कहना है कि अब हमें शराब लेने के लिए शराब दुकान तक नहीं जाना पड़ता है अब तो हमें शराब ऑनलाइन उपलब्ध हो जाती है, हम लोग जहां पर बैठे होते हैं वहीं से शराब एजेंट को फोन लगाते हैं और 10 मिनट बाद शराब हम लोगों के पास आसानी से पहुंच जाती है, यहां पर विचारणीय पहलू यह है कि जब गांव गांव में अवैध शराब बिक्री होने की जन चर्चा जोरो पर चल रही हो, तो ऐसे में क्या? शराब के इस अवैध कारोबार की जानकारी आबकारी विभाग या स्थानीय पुलिस को नहीं होगी? यह बड़ा सवाल बनता है! क्षेत्र वासियों ने शीघ्र ही गांव गांव में की जा रही अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है। इस पूरे मामले पर जब आबकारी विभाग से बात करने की कोशिश की गई तो हमेशा की तरह आज भी आबकारी विभाग के अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका।

### क्षमता से अधिक रेत परिवहन पर एसडीएम की कार्रवाई, ट्रक जब्त

**जबेरा**। क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुधवार दोपहर करीब 2 बजे एक रेत से भरे ट्रक को रोककर उसकी जांच की। कार्रवाई एसडीएम सी.जी. गिरी के नेतृत्व में की गई। एसडीएम सी.जी. गिरी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार अवैध रेत परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के आधार पर ट्रक क्रमांक MP21ZE5024 को रोककर उसके दस्तावेजों की जांच की गई। जांच में सामने आया कि ट्रक की निर्धारित क्षमता 15 घन मीटर है, जबकि चालक के पास 22 घन मीटर रेत की रॉयल्टी थी और ट्रक में लगभग 25 घन मीटर रेत का परिवहन किया जा रहा था। नियमों के उल्लंघन को देखते हुए ट्रक को सुरक्षा की दृष्टि से थाने में खड़ा कराया गया है। प्रशासन द्वारा मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में प्रभारी तहसीलदार राजेश साहू एवं पटवारी तरुण चौरसिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# राज्य कर्मचारी संघ ने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों का किया स्वागत




**हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा**

राज्य कर्मचारी संघ, ब्लॉक तेंदूखेड़ा द्वारा नवागत विकासखंड शिक्षा अधिकारियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास का आधार है। विकासखंड में शैक्षणिक गतिविधियों को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए कर्मचारी वर्ग सदैव प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवागत अधिकारियों के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और गति मिलेगी। नवागत विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ने स्वागत के लिए राज्य कर्मचारी संघ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यालयों के समग्र विकास तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों से टीम भावना, पारदर्शिता एवं समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया तथा विश्वास दिलाया कि सभी के सहयोग से विकासखंड में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की जाएँगी। कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गुड्डा सिंह सहित बलवीर राय, महेंद्र दीक्षित, मनोहर सिंह, रघुराज सिंह, शंकर झारिया, जितेंद्र खटीक, दिलीप द्विवेदी एवं शिक्षक तथा कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे समारोह का वातावरण आत्मीयता, सौहार्द एवं सहयोग की भावना से परिपूर्ण रहा। अंत में सभी ने शिक्षा के विकास और कर्मचारी-प्रशासन के बेहतर समन्वय के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### नशे से दूरी है जरूरी 2.0': शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, पन्ना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पन्ना**। जिले में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' नशामुक्ति जनजागृति अभियान के अंतर्गत आज स्थानीय शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और एक स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज का निर्माण करना था।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने नशे की सटीक और गंभीर परिभाषा देते हुए कहा कि ₹जिसके बिना व्यक्ति रह न सके, वही नशा है।₹ उन्होंने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को खोखला करता है, बल्कि यह परिवार के लिए आर्थिक और सामाजिक अभिशाप है। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, ₹प्रत्येक व्यक्ति उच्च अधिकारी या नेता नहीं बन सकता, किन्तु जीवन में कभी नशा न करके, वह बिना किसी धन-संपत्ति के भी समाज में एक 'नशामुक्त' होने की सबसे बड़ी उपाधि प्राप्त कर सकता है।₹ आज से 20 -25 वर्ष में हम सभी वर्ग के विद्यार्थी ही इस समाज में कहीं व्यापार कहीं प्रशासन कहीं संस्थानों में अपनी सेवाएं देंगे उसमें हम सुनिश्चित करेंगे कि स्वयं भी नशा नहीं करेंगे और नशे से संबंधित व्यापार को भी बढ़ावा नहीं देंगे।कार्यक्रम में अन्य वक्ताश्री नरेन्द्र पाण्डेय (सहायक प्राध्यापक) ने छात्रों से नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगाने का आह्वान किया।श्री सुशील कुमार चौरसिया (ग्रन्थपाल) ने ज्ञान और पुस्तकों को नशे का सबसे अच्छा विकल्प बताया तथा मोबाइल इत्यादि से भी दूर रहने की उचित सलाह दी।

# कमला नेहरू महाविद्यालय में नशा उन्मूलन अभियान का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह**



दमोह। शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में बुधवार को ₹नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0₹ अभियान के तहत नशा उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी प्राचार्य डॉ. अवधेश जैन द्वारा छात्राओं एवं स्टाफ को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाकर की गई।कार्यक्रम संयोजक सुधांशु तिवारी ने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से इससे दूर रहने का आह्वान किया। डॉ. अरुणा एम. जैन ने नशे से उत्पन्न सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं की जानकारी दी, जबकि डॉ. असलम खान ने स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया।शपथ के बाद महाविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकाली गई तथा सभा के माध्यम से नशे के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। छात्राओं को नशामुक्त जीवन अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी डॉ. डी.के. नेमा, डॉ. मालती नायक, डॉ. अनुभा तिवारी, डॉ. प्रिया थापा, श्री आदेश नामदेव, डॉ. पूजा तंतवाय सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# वनाधिकार कानून का विधिवत क्रियान्वयन जिले में मजाक बना

### आदिम जाति कल्याण विभाग से आदिवासी परेशान-जिला समन्वय बैठक रखने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया**

तत्कालीन केन्द्र की कांग्रेस गठबंधन की सरकार व्दारा वन भूमि पर देश मे वर्षों से परंपरानुसार वन भूमि पर काबिज आदिवासियों एवं वन्य निवासियों को उनके आवास, कृषि एवं सामुदायिक निस्तार के अधिकार उन्हें सम्मान पूर्वक लौटाने के लिये बनाये गये वनाधिकार कानून की उसके क्रियान्वयन हेतु नियत नोडल ऐजेंसी जनजातीय कल्याण विभाग दमोह के व्दारा लगातार धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। उक्ताशय के आरोप जन संगठन एकता परिषद के जिला अध्यक्ष सुजात खान ने जनजातीय विभाग दमोह पर लगाये हैं।

समाज शिल्पी सुजात खान ने बताया कि 13 दिसम्बर 2005 के पूर्व से वन भूमि पर काबिज आदिवासियों एवं वनों पर पूर्ण रूप से आश्रित वन्य निवासियों के लिए उनके आवास, कृषि एवं सामुदायिक निस्तार के सम्मान पूर्वक अधिकार देने केन्द्र की तत्कालीन सरकार ने वर्ष 2006-07 मे वनाधिकार कानून विधिवत बना कर उसे भारत मे लागू किया था। तथा इस कानून के व्यवस्थित क्रियान्वयन के लिए देश मे भर मे जनजातीय विभाग को नोडल ऐजेंसी बनाया था। सुजात खान ने बताया कि जिला दमोह मे उक्त नोडल ऐजेंसी जनजातीय विभाग ने गैर-जिम्मेदाराना, निष्क्रिय एवं लापरवाही पूर्ण भूमिका निभाते हुए वनाधिकार कानून का पूरी तरह से मजाक बनाकर रख दिया है। जिले मे कानून लागू होने के बाद से अब तक वितरित 75% से अधिक वन पत्र त्रृटिपूर्ण हैं। जिनमे हितग्राही के कब्जा के अनुसार ना तो काबिज रहा दर्ज है। और ना वन पत्र में सही कब्जे की वीट ही दर्ज है। वन विभाग व्दारा मनमाने ढंग से गलत पीडीए सर्वे कराया गया। त्रृटिपूर्ण वन पत्रों मे सुधार नही किया जा रहा है। इस कारण वन पत्र धारकों का आये दिन वन विभाग से संघर्ष हो रहा है। सैकड़ो लम्बित पात्र दावों का आज भी ठीक से पुनर्निरीक्षण नही किया जा रहा है। अनेक पात्र दावेदारों के दावा वन-राजस्व सीमा विवाद में उलझे हुए हैं। वन पत्र धारकों को शासन की कृषि विकास की योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा रहा है। वन पत्र धारक कृषकों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, प्राकृतिक आपदा के मुआवजा, किसान क्रेडिट कार्ड, खाद- बीज, बही आदि सहित अनेक सुविधाऐं नही दी जा रहीं हैं। आज भी सैकड़ों आदिवासी किसान अपने दावा लगाने से वंचित एवं परेशान हैं। जिले मे नौरादेही अभ्यारण्य, पन्ना टाईगर रिजर्व बफर, नर्सरियों के निर्माण एवं केन बेतवा लिंक परियोजना के चलते आदिवासियों को पात्र होने के बाद भी वनाधिकार कानून के तहत जानबूझकर एवं शासन-प्रशासन की मनमानी एवं तानाशाही के चलते वन पत्र नही दिये जा रहे हैं। अभ्यारण्य बफर जोन एवं वन विभाग- पुलिस विभाग व्दारा जाबेजा आदिवासियों को अवैधानिक ढ़ग से उनकी वर्षों से काबिज जमीनों से खदेड़ा जा रहा है। अवैध विस्थापन जारी है। जिले मे सामुदायिक निस्तार के सभी अधिकार भी आदिवासियों को नही दिये जा रहें हैं। पीड़ित आदिवासी जनजातीय विभाग दमोह से बार बार वनाधिकार कानून के सक्रिय क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं। मगर नोडल ऐजेंसी आदिम जाति कल्याण विभाग दमोह मूकदर्शक बना आदिवासियों की बरबादी का सिर्फ तमाशा देख रहा है। श्री खान ने कहा कि वर्तमान कलेक्टर को भी इन सभी मुददों को लेकर जिला समन्वय बैठक रखने पिछले माह एकता परिषद ने स्मरण पत्र देकर निवेदन किया था। किंतु ध्यान नही दिया गया। एकता परिषद जिला दमोह ईकाई ने कलेक्टर एवं सम्बधितों से वनभूमि एवं राजस्व भूमि अधिकार एवं विस्थापन के मुद्दों के सक्रिय निदान हेतु शीघ्र जिला समन्वय बैठक आयोजित करने एवं वनाधिकार कानून का जिले मे विधिवत सक्रिय क्रियान्वयन सुनिश्चित करने नोडल ऐजेंसी को निर्देशित करने एवं इस दिशा मे शीघ्र न्यायोचित कदम उठाने की मांग की है।

## एनएसयूआई ने निकाली सांकेतिक साइकिल यात्रा



**दमोह**। देश के युवाओं के भविष्य के साथ लगातार हो रहे खिलवाड़, महत्वपूर्ण परीक्षाओं के पेपर लीक होने के विरोध में युवाओं की गूंज अभियान के तहत देश में कांग्रेस पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के ऊर्जावान अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के नेतृत्व में इंदौर से साइकिल रैली प्रारंभ हुई है। इसका समापन भोपाल में होगा जहां मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा रैली में प्रमुख मांगे देश के छात्रों को निशुल्क शिक्षा और पारदर्शी चयन प्रक्रिया का कराया जाना है इस मांग के समर्थन में दमोह एनएसयूआई के अध्यक्ष शुभम तिवारी के नेतृत्व में सांकेतिक रैली अंबेडकर चौराहे से निकल गई जिसमें पेपर चोरों गद्दी छोड़ो छोड़ो चंदा चोरों गद्दी छोड़ो के जमकर नारे लगाए गए और देश के युवाओं के भविष्य के साथ हो रही खिलवाड़ को रोकने की मांग की गई रैली में प्रमुख रूप से कांग्रेस कांग्रेस जिला संगठन महासचिव पंडित नितिन मिश्रा, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शुभम तिवारी, कांग्रेस के महामंत्री बसंत कुशवाहा, मुकेश रोहितास, युवक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अरुण दुबे, पप्पू कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, राजकुमार कछवाहा, एके चिश्ती, राकेश राय, रवि अहीरवाल, मंजीत यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष अजय जाटव, करण बंसल, पप्पू लारिया, राजकुमार पटेल, प्रकाश वंशल, श्रीकांत पटेल सहित कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### सांप के काटने से महिला की मौत

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार की देर-रात तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दिनारी के आश्रित ग्राम टीकाराम पिपरिया में एक महिला को सांप ने काट लिया जिसे परिजन गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन देर-रात महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार गुलाब बाई पति भूपत सिंह लोधी उम्र 45 वर्ष निवासी टीकाराम पिपरिया थाना तेजगढ़ है बुधवार की सुबह अस्पताल चौकी प्रभारी शुभ नारायण यादव ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई हेतु तेजगढ़ थाने में जानकारी दी।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**तेंदूखेड़ा/तारादेही।** थाना तारादेही क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सारसबगली में मंगलवार को एक 18 वर्षीय युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान कीर्ति पाल पिता दशरथ पाल, उम्र 18 वर्ष, निवासी ग्राम सारसबगली के रूप में हुई है। बताया गया कि कीर्ति के माता-पिता रोजी-रोटी के लिए पुणे में मजदूरी करने गए हुए हैं। घटना के समय कीर्ति घर में अकेली थी। परिजनों द्वारा दी गई सूचना पर तारादेही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी प्राप्त हुआ है जिसे साक्ष्य के रूप में जब्त कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां पर शव को फ्रीजर में रखवा दिया गया है पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरपुडे का कहना है सुसाइड नोट और परिजनों के बयानों के आधार पर आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जायेगा।

### नाश्ता तले हुए चने, दूध एवं चायपत्ती के लिए गए नमूने

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशो के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा दमोह शहर स्थित शासकीय जे.पी.बी कन्या शाला के बालिका छात्रावास में पांच बालिकाओं के अस्वस्थ्य होने की सूचना प्राप्त होने पर शासकीय जे.पी .बी कन्या शाला के बालिका छात्रावास स्थित मेस रसोई घर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की कार्यवाही में रसोईघर एवं खाद्य सामग्री स्टोररूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मौके पर रसोईघर में कार्यरत रसोइया एवं अन्य फूड हैंडलर्स को अच्छा फूड हाइजीन स्तर रखने, वार्षिक मेडिकल परीक्षण सर्टिफिकेट बनवाने, एप्रन,हैंड ग्लव्स एवं हेड कवर का उपयोग करने एवं परिसर में फर्श एवं डाइनिंग टेबल को निरंतर डिटर्जेंट /डिसइंफेक्टेंट से साफ करने हेतु निर्देशित किया गया।

शराब दुकानों में अनियमितताए पाए जाने के आरोप में कलेक्टर ने की बड़ी कार्यवाही

# 6 मदिरा दुकानों के लाइसेंस निलंबित, पांच दुकानों पर 7.11 लाख से अधिक का अर्थदंड

**निर्धारित नियमों एवं शर्तों का कड़ाई से पालन करने तथा मदिरा दुकानों का संचालन केवल निर्धारित स्थान पर ही किया जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में अवैध शराब बिक्री तथा मदिरा दुकानों के संचालन में अनियमितताओं की लगातार मिल रही शिकायतों, ज्ञापनों और सूचनाओं के आधार पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने सख्त कार्रवाई करते हुए गंभीर अनियमितता पाये जाने के आरोप पर 06 मदिरा दुकानों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। इसके साथ ही पांच अन्य दुकानों पर सामान्य अनियमितताएं पाई गई उन पर कुल 7,11,906 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा गांव-गांव में अवैध शराब बिक्री से युवा पीढ़ी पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मदिरा दुकानों की जांच कराई गई। जांच में कई दुकानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर यह कार्रवाई की गई है, उन्होने कहा जिन छह मदिरा दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, उनमें हटा-सी, नरसिंहगढ़, तेंदूखेड़ा-ए, गुबरा-ए, जबेरा-ए और पथरिया-ए की मदिरा दुकानें शामिल हैं, इसके अतिरिक्त जिन पांच दुकानों में सामान्य अनियमितताएं पाई गईं, उन पर कुल 7,11,906 का अर्थदंड लगाया गया है। इनमें कांटी, जबेरा-ए, जबेरा-बी, गुबरा-ए तथा नरसिंहगढ़ की मदिरा दुकानें शामिल हैं। उन्होने कहा संबंधित दुकानों को सील करने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है और सभी दुकानों को नियमानुसार सील किया जा रहा है। उन्होंने सभी लाइसेंसधारियों से शासन के निर्धारित नियमों एवं शर्तों का कड़ाई से पालन करने तथा मदिरा दुकानों का संचालन केवल निर्धारित स्थान पर ही किया जाए। नियमों के उल्लंघन पर भविष्य में भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## 1.618 किलो अवैध गांजा जब्त, आरोपी गया जेल

**हटा।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं एसडीओपी कृष्णपाल सिंह के मार्गदर्शन में हटा पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हारट पुल के पास घेराबंदी कर पीले-काले रंग का बैग लिए पैदल जा रहे संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम देवेन्द्र पिता धनीराम काछी (38), निवासी ग्राम हारट बताया।तलाशी के दौरान बैग से खाकी टेप में लिपटे चार पैकेट मिले, जिनकी जांच में कुल 1 किलो 618 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 32 हजार रुपये बताई गई। आरोपी के पास गांजा रखने संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर गांजा जब्त किया और न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया।कार्रवाई में थाना प्रभारी सुधीर बेगी, उपनिरीक्षक सिलाश कुमार, प्रधान आरक्षक तुलसीराम व अनिल तथा आरक्षक संजय, पवन और अभिषेक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चैक अनादरण प्रकरणों की विशेष लोक अदालत का आयोजन 18 जुलाई को

**दमोह।** म.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में 18 जुलाई 2026 को धारा 138 नेगोशियेबल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट (चैक अनादरण) के अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन जिला एवं तहसील स्तर पर किया जा रहा है उक्त विशेष लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित चैक अनादरण प्रकरण एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरण भी रखे जावेगें। प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी के द्वारा विशेष लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला मुख्यालय में 02, तहसील हटा हेतु 02, एवं तहसील पथरिया व तेंदूखेड़ा हेतु 1-1 खंडपीठ का गठन किया गया है। खंडपीठों में 1-1 सुलहकर्ता सदस्य के रूप से अधिवक्ता नियुक्त किये गये हैं। विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के लिये प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संतोष गुप्ता को जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है ।

कैडर रिव्यू, पदोन्नति एवं अन्य मांगो को लेकर आंदोलन

# जिले के समस्त पटवारी सामूहिक अवकाश पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश शासन द्वारा समस्त विभागों के कर्मचारियों को कई वर्षों बाद पदोन्नति किया जा रहा है परन्तु पटवारी वर्ग को प्रदेश में कोई भी पदोन्नति का लाभ नहीं दिया जा रहा है जबकि भू-प्रबंधन एवं संसाधन विभाग के ही अन्य कर्मचारियों को पदोन्नति किया जा रहा है। शासन के ऐसे सौतेले एवं भेदभाव पूर्ण व्यवहार के प्रति प्रदेश में पटवारियों ने खुलकर मोर्चा खोल दिया है। जिसमें मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर दिनांक 8 जुलाई 2026 को पूरे प्रदेश में एक साथ समस्त जिलों सहित दमोह जिला में भी माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कैडल रिव्यू लागू, पदोन्नति, समयमान वेतनमान की मांग, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा का आयोजन होना, जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारी वर्ग को शामिल करना, लंबित वित्तीय भुगतान होना एवं अन्य समस्याओं के निराकरण न होने से 8 जुलाई 2026 के पश्चात 7 दिन की अवधि में शासन से विचार करने हेतु निवेदन किया गया परन्तु कोई विचार न होने से प्रदेश के समस्त पटवारी 15 जुलाई से 17 जुलाई तक तीन दिन के सामूहिक अवकाश पर ज्ञापन के लिखित चरण अनुसार चले गये हैं। जिसकी सूचना एवं ज्ञापन दमोह जिले की सभी तहसीलों में पटवारियों ने अपने तहसील अध्यक्ष के साथ जाकर तहसीलदार को दे दी है। पटवारी अपने शासकीय कार्य पर सीधे अब सोमवार 20 जुलाई को लौटेंगे चूंकि 18 और 19 जुलाई को शासकीय अवकाश है। अवकाश अवधि में कोई भी पटवारी ऑनलाईन या ऑफलाईन सभी शासकीय कार्य से विरत रहेंगे साथ ही अन्य शाखाओं में संलग्न पटवारी भी कार्यालयीन कार्य से विमुक्त रहेंगे। दमोह जिला के सभी पटवारी एकजुट हो मजबूती से पटवारी वर्ग के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ शासन से आरपार की लड़ाई हेतु प्रांतीय आह्वान पर हरदम तैयार हैं।

## बड़े बाबा जैन मिलन शाखा ने किया पौधारोपण



**पटेरा।** श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा-कुंडलपुर द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को संदीपनी मॉडल स्कूल परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक महावीर वंदना से हुआ।विद्यालय के प्राचार्य विवेक नेमा, शिक्षक कमलेश शर्मा एवं निरन सिंह ने शाखा सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखरेख की व्यवस्था करने पर भी जोर दिया गया। उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।कार्यक्रम में नरेन्द्र बजाज, राजेन्द्र जैन राही, राजेन्द्र जैन बजाज, महेश जैन, नीलेश सराफ, स्वतंत्र जैन, पंकज जैन, कोमलचंद जैन, हेमंत सराफ तथा ज्ञानचंद जैन सहित शाखा के सदस्य उपस्थित रहे।

### महिला शाखा ने किया वृक्षारोपण



**पटेरा।** श्री बड़े बाबा जैन मिलन महिला शाखा पटेरा कुंडलपुर ने अपना प्रथम कार्यक्रम वृक्षारोपण मंगलवार को संदीपनी मॉडल स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कर मनाया। इस अवसर पर स्कूल की महिला स्टाफ व छात्राओं ने स्वागत किया। पर्यावरण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष साधना सेठ मंत्री रेखा बजाज कोषाध्यक्ष निधि सराफ उपाध्यक्ष द्वय बबीता जैन हिमांशी सराफ रही।

## जबेरा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी डीएसपी पद पर पदोन्नत



**जबेरा।** जबेरा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी का पुलिस विभाग द्वारा जारी पदोन्नति सूची में उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) पद पर पदोन्नयन होने पर थाना परिसर में खुशी का माहौल रहा। पदोन्नति की सूचना मिलते ही रविंद्र बागरी ने थाना परिसर स्थित मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और भगवान का आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने थाना स्टाफ के बीच प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर थाना स्टाफ ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में प्रधान आरक्षक सतीश नामदेव, प्रेमदास बैरागी,नरेंद्र पांडे एवं आरक्षक विवेक कटारे,राहुल शर्मा,नगर रक्षा समिति सदस्य राजा नामदेव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। थाना परिसर में पदोन्नति की खुशी साझा करते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इसे विभाग के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया और रविंद्र बागरी के नेतृत्व एवं कार्यशैली की सराहना की।

## युवक ने पेड़ में लगाई फांसी

**तेंदूखेड़ा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहड़ में एक युवक द्वारा अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का घटनाक्रम सामने आया है सूचना मिलते ही तेंदूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पेड़ से नीचे उतारा गया और पोस्टमार्टम हेतु तेन्दूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार पुष्पेन्द्र पिता पंचम सिंह लोधी उम्र 20 वर्ष निवासी मोहड़ थाना तेंदूखेड़ा है जो मंगलवार की दोपहर करीब 2 बजे के आसपास घर से खाना खाकर अपने खेत गया था। लेकिन शाम साढ़े 4 बजे पुष्पेंद्र का शव खेत में लगे आम के पेड़ से खेती की सुरक्षा में लगाने वाले झटका तार से लटकते हुए मिलने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही खेत पहुंचे परिजनों ने बताया कि पुष्पेंद्र खेतों में खाद लेकर गया था। खाद डालने की बोल रहा था लेकिन पता किस कारणों से यह कदम उठाया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए तेन्दूखेड़ा लाया गया लेकिन मंगलवार को देर-रात हो जाने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका जहां बुधवार की सुबह पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया व शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की जांच की जा रही है।

## जरूरतमंद दिव्यांगों को जिला स्तर पर मिलेगा तत्काल लाभ

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा अब दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया अधिक सरल और त्वरित हो जाएगी। उन्होंने कहा अब तक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से उपकरण उपलब्ध कराने के संबंध में जिला स्तर पर कोई वित्तीय अधिकार नहीं थे। न तो कलेक्टर को और न ही जिला सामाजिक न्याय अधिकारी को ऐसे मामलों में स्वीकृति देने का अधिकार प्राप्त था, जिससे जरूरतमंद दिव्यांगजनों को सहायता मिलने में विलंब होता था। कलेक्टर श्री यादव ने कहा इस समस्या के समाधान के लिए 15 जून 2026 को आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को पत्र भेजा गया था। शासन द्वारा इस पर सकारात्मक विचार करते हुए पूरे प्रदेश के कलेक्टरों को 2 लाख तक तथा जिला सामाजिक न्याय अधिकारियों को 25 हजार तक के वित्तीय अधिकार प्रदान कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा इस निर्णय से जनसुनवाई अथवा अन्य अवसरों पर सहायता के लिए आने वाले दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने में जिला प्रशासन तत्काल निर्णय लेकर मदद कर सकेगा। इससे दिव्यांगजनों को समय पर सहायता मिलने के साथ उनकी दैनिक जीवन की कठिनाइयों को कम करने में भी मदद मिलेगी। कलेक्टर श्री यादव ने कहा इस पहल का लाभ पूरे प्रदेश के दिव्यांगजनों को मिलेगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे संवेदनशीलता, सकारात्मक दृष्टिकोण और उदारतापूर्वक कार्य करते हुए पात्र दिव्यांगजनों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराएं, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप उन्हें समय पर आवश्यक सुविधाओं का लाभ मिल सके।

**कलेक्टरों को मिले 2 लाख तक के वित्तीय अधिकार सामाजिक न्याय अधिकारी को भी 25 हजार तक की स्वीकृति का अधिकार**

## पदोन्नत पुलिस कर्मियों का अलंकरण समारोह आयोजित, एसपी ने लगाई लाल फीती




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के नेतृत्व में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में आरक्षक से प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नत हुए पुलिस कर्मियों को लाल फीती लगाकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर एसपी आनंद कलादगि ने पदोन्नत पुलिस कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पदोन्नति केवल पद परिवर्तन नहीं, बल्कि बढ़ी हुई जिम्मेदारियों और जनसेवा के प्रति दायित्व का प्रतीक है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि सभी कर्मी अनुशासन, कार्यकुशलता और निष्पक्षता के साथ विभाग की गरिमा बढ़ाने तथा आमजन की संवेदनशीलता से सेवा करने का कार्य करेंगे।उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी की ईमानदारी, समर्पण और उत्कृष्ट कार्य ही उसकी वास्तविक पहचान है तथा पदोन्नति उसी निष्ठा का सम्मान है, जो आगे बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देती है।समारोह में पदोन्नत पुलिस कर्मियों ने वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पूरी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं जनसेवा का संकल्प लिया।इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक हरिराम पाण्डेय, एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी, रक्षित निरीक्षक अभिनय साहू, आकांक्षा जोशी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दस्तक अभियान : बच्चों को दस्त एवं निमोनिया से बचाने पर रहेगा विशेष फोकस

**तेंदूखेड़ा।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 14 जुलाई से 31 अगस्त तक संचालित होने वाले दस्तक अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सीजी गोस्वामी की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीबीएमओ डॉक्टर अशोक वरौनिया बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी एएनएम, आशा सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का सर्वे भी पूरा हो चुका है तथा अभियान में उपयोग की जाने वाली आवश्यक सामग्री संबंधित मैदानी अमले को उपलब्ध करा दी गई है। दस्तक अभियान का मुख्य उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के घर-घर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जांच करना तथा उन्हें दस्त (डायरिया) एवं निमोनिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना है। बैठक में सभी विभागों से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने एवं आपसी समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया गया। बैठक मे एसडीएम सी गोस्वामी , डॉक्टर अशोक बरौनिया के अलावा जनपद पंचायत, तहसील, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा समस्त डेवलपमेंट पार्टनर्स उपस्थित रहे। सभी ने दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# रुठे बादलों ने बढ़ाई किसानों की चिंता, फसल सूखने का डर

**एक हफ्ते से नहीं हुई बारिश तेज धूप के कारण खेतों की नमी हो रही कम**

**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र में खरीफ फसलों की बोवनी और अंकुरण के बाद बारिश का सिलसिला थमने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। पिछले एक हफ्ते से बारिश नहीं होने से और तेज धूप के कारण खेतों की नमी तेजी से कम हो रही है जिससे धान की बुवाई और रोपाई के साथ ही अरहर उड़द मूंग तिल मक्का तथा विभिन्न साग सब्ज़ियों पर असर पड़ने की आंशका है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो नुकसान होगा। इससे उनकी लागत और अधिक बोझ दोनों बढ़ जाएंगे बारिश थमने से किसान चिंतित हैं धान की रोपाई के लिए खेतों में पर्याप्त पानी नहीं भर पा रहा है। कई स्थानों पर मजदूरों द्वारा रोपाई का कार्य धीमी गति से चल रहा है।

### बारिश के बाद थमा मानसून खेतों की नमी घटी

खरीफ सीजन की शुरुआत में हुई अच्छी बारिश से उत्साहित किसानों ने अपने खेतों में बोवनी पूरी कर ली थी शुरुआती बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी थी इसके बाद मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई और लगातार तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण मिट्टी की नमी तेजी से खत्म हो रही है। खेतों में डाले गए बीज से अंकुरण निकलने शुरू हो चुके हैं जो अब बारिश का इंतजार कर रहे हैं किसानों का कहना है कि समय पर पानी नहीं मिला तो फसल के प्रभावित होने के साथ खराब होने का खतरा भी बढ़ जाएगा।

### बढ़ेगा खेती की लागत

किसानों ने बताया कि खरीफ सीजन की पहली बोवनी सबसे महत्वपूर्ण होती है यदि दोबारा बोवनी करनी पड़ी तो बीज मजदूरी ट्रैक्टर डीजल सहित कृषि कार्यों पर दोबारा खर्च करना पड़ेगा। किसान भागीरथ रजक ने बताया कि शुरुआती बारिश के बाद अच्छी फसल की उम्मीद थी लेकिन अब बारिश नहीं होने से चिंता बढ़ गई है। यदि अगले कुछ दिनों में पानी नहीं गिरा तो फसलों पर संकट की नौबत आ सकती है।

# रथ पर बैठकर निकलेंगे जगत के नाथ जगन्नाथ महाप्रभु



**दमोह।** प्राचीन श्री जगदीश स्वामी मंदिर पुराना थाना पुरेना तालाब 15 दिनों तक बीमार रहे पंद्रह दिन बाद दर्शन देने जगन्नाथ स्वामी आज गुप्त नौ रात्रि रवि योग में निकलेंगे। भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की वार्षिक रथयात्रा के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है.आज जगन्नाथ स्वामी जी का सुबह 8 बजे से अभिषेक पूजन होगा शाम 5 बजे मंदिर से भव्य रथ यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी. यह आयोजन आस्था और समरसता का प्रतीक है। भगवान जगन्नाथ हर साल अपने मंदिर से बाहर निकलकर 'रथ यात्रा' निकालते हैं ताकि वे अपने सभी भक्तों—विशेष रूप से जो मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकते—को दर्शन दे सकें और जाति-भेद के बिना सबके साथ प्रेम का आदान-प्रदान कर सकें ,मुख्य रूप से यह यात्रा पौराणिक कथाओं के अनुसार अपनी बहन सुभद्रा की इच्छा पूरी करने के लिए निकाली जाती है, जिसमें वे दोनों भाइयों (जगन्नाथ और बलभद्र) के साथ अपनी मौसी के घर पर जाते हैं। रथ यात्रा एक दिन पूर्व प्रति बर्षानुसार इस बर्ष भी सुबह 11 बजे से रात्रि 11 बजे विशाल किया जाता है भंडारा भगबान जगन्नाथ के भात खो जगत पसारे हाथ। को भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की वार्षिक रथयात्रा के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। मंदिर परिसर में पारंपरिक मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना हुआ है और श्रद्धालुओं में रथयात्रा को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर से भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहिन सुभद्रा की रथ यात्रा के पूर्व सुबह 8 बजे से विधिवत अभिषेक पूजा-अर्चना के बाद शाम 5 बजे नगर भ्रमण के लिए रवाना होगी. रथयात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, श्री जगदीश स्वामी मंदिर पुराना थाना से टॉकीज चौराहा बकौली चोक हनुमान गढ़ी मंदिर घंटाघर उमा मिस्त्री तलैया महाकाली चौराहा सिटी नाल पुनः पुराना थाना में मोसी के घर पर जगन्नाथ स्वामी रुकेंगे जहां श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे. विभिन्न स्थानों पर रथ का स्वागत भी किया जाएगा।
रथ और मंदिर परिसर को दिया गया अंतिम रूपरथयात्रा को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं. रथ को पारंपरिक स्वरूप में सजाने के साथ उसकी तकनीकी जांच भी की गई है। श्री जगदीश स्वामी मंदिर के पुजारी पंडित नर्मदा प्रसाद गर्गा जी ने रथयात्रा को बताया आस्था और समरसता का प्रतीक जगन्नाथ सेवा समिति ने नगरवासियों, माताओं-बहनों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में रथयात्रा में शामिल होने की अपील की है. समिति का कहना है कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और आस्था का प्रतीक भी है. इस अवसर पर सभी वर्गों के लोग मिलकर भगवान के रथ को खींचते हैं।
धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान जगन्नाथ स्वयं अपने भक्तों के बीच नगर भ्रमण पर निकलते हैं. रथ के दर्शन, रथ खींचने और यात्रा में शामिल होने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है. इसी आस्था के कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की वार्षिक रथयात्रा के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है.आज शाम 5 बजे बजे मंदिर से भव्य रथ यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी. यह आयोजन आस्था और समरसता का प्रतीक है। आप सभी भक्तजनों से श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर पुराना थाना रथ यात्रा एवं श्री प्यासी मंदिर ट्रस्ट कमेटी दमोह ने अपील की है कि रथ यात्रा में भाई ,माताएं बहने सभी सनातनी रथ खींच कर धर्म लाभ अर्जित करें।

**इस्तहार**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्रीमति सोनम नामदेव पति श्री संदीप नामदेव वार्ड क्रमांक 11 ग्राम पटेरा की निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 131 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक/भवन क्र. 131 वार्ड क्रमांक 06 श्री जगदीश, अशोक पिता श्री जमना प्रसाद नेमा का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 15/07/26 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**